## संक्षिप्त

### दो सड़क हादसों में सात घायल

**मालपुरा** (निस) बुधवार की देर रात जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे व डिग्गी सोहेला सड़क मार्ग पर हुये दो सड़क हादसों में कुल सात जने गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे मालपुरा व डिग्गी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के डिग्गी थानान्तर्गत चांदसेन मोड के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार रामप्रसाद बैरवा निवासी आकोडिया थाना क्षेत्र अंराई व मदन लाल बैरवा निवासी राजपुरा घायल हो गया। दोनो घायलो को मालपुरा जिला अस्पताल मे उपचार के लिये भर्ति करवाया गया। तो इसी प्रकार डिग्गी सोहेला सड़क मार्ग पर धोली गांव के पास ट्रेक्टर व पिकअप मे भिडंत हो गई। हादसे मे जसोदा गुर्जर,धर्मपाल गुर्जर,सीमा,निशांत, दोली गुर्जर घायल हो गये। सभी घायलो को डिग्गी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ति करवाया गया।

### पदयात्रा 6 मार्च को

**पावटा।** श्री श्याम शिव शक्ति मंडल ढाणी थालोड़ की अवधपुरी बड़नगर द्वारा कमलेश धनकड़ व मुकेश सिंह शेखावत की अध्यक्षता में श्याम मंदिर ढाणी थालोड़ की में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन कर बैठक में 6 मार्च को भक्तों ने 29वीं पदयात्रा के रूप में खाटू श्याम प्रभु के जाने का निर्णय लिया गया। श्री श्याम शिव शक्ति मंडल ढाणी थालोड़ की अवधपुरी बड़नगर अध्यक्ष कमलेश धनकड़ व मुकेश सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष सुभाष थालोड, रोहिताश थालोड, सचिव जयमल थालोड़, चिरंजी लाल गढ़वाल, रामजीलाल थालोड़ सहित मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि 6 मार्च को श्रद्धालु झांकी के साथ पदयात्रा के रूप में खाटू धाम के लिए रवाना होंगे । इस अवसर पर कैलाश थालोड, भागाराम थालोड, छोटूराम थालोड, कालूराम थालोड़, जयराम भगत, रामकरण लील, जगमाल थालाड, यादराम थालोड़, धोलूराम गिठाला, शिवराम थालोड, राजू थालोड़, सुनील रावत, सुरेश नेहरा, मूलचंद सहारण सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे ।

### पदयात्रा 4 मार्च को

**मालपुरा** (निस) श्रीश्याम परिवार मंडल मालपुरा मौजमाबाद के तत्वाधान मे मालपुरा से खाटूधाम के लिये चार मार्च को पदयात्रा होगी रवाना। पदयात्रा संयोजक गिर्राज सोनी ने बताया कि चार मार्च को प्रातः सात बजे ओंकारेश्वर मंदिर आदर्श नगर से गाजे-बाजे के साथ पदयात्री खाटूधाम के लिये रवाना होगें जो कि नो मार्च को खाटू पहुंच मंदिर शिखर पर चढायेगें शाही निशान।

### कृषि कार्य के दौरान महिला की मौत

**मालपुरा** (निस)टोडारायसिंह उपखण्ड क्षैत्र के थडोली गांव मे महिला कृषक लाली देवी पत्नि रमेश चन्द मीणा गुरूवार को सवेरे अपने खेत पर फसल की सिंचाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक चक्कर आकर गिर पडी। मौजूद परिजनो ने अचेतावस्था मे महिला को टोडारायसिंह चिकित्सालय लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद महिला को चिकित्सको ने मृत घौषित किया।

### फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक** । पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत रघुवीर सिंह भाटी वृताधिकारी उनियारा एवं अलीगढ़ थानाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाने में दर्ज

# सदस्यों के बताए गए सुझावों को शीघ्र करेंगे लागू : डी.वाई.एस.पी.



निवाई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।

- सीएलजी, शांति समिति, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी व स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ हुई बैठक

**निवाई ।** शहर थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा की अध्यक्षता में सीएलजी, शांति समिति, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी व स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने सदस्यों से शहर की कानून व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान सभी सदस्यों ने बताया कि शहर की कॉलोनियों में अवैध खनन को लेकर ट्रैक्टर ट्राली तेज गति से दौडते हैं। सदस्य पवन बोहरा ने बताया कि कृषि उपज मंडी में सरसों की आवक शुरू होने वाली है। क्षेत्र में बहुत अधिक मात्रा में सरसों का उत्पादन होता है। कई बार आवक अधिक के चलते वाहनों की अधिकता के कारण कृषि उपज मंडी व मंडी के बाहर झिलाय रोड पर लंबा जाम लग जाता है। जिससे आम जन को भी काफी परेशानी का सामना करना पडता है। ऐसे में कृषि उपज मंडी में निकलने तक की भी जगह नहीं रहती है। प्रशासन किसानों की ट्रैक्टर ट्राली को प्रताप स्टेडियम परिसर में खडी करवा दे तो इससे जाम से निजात मिल सकती है। सिकोईडिकोन संस्था की अनीता शर्मा ने कहा कि खणदेवत रोड पर कुछ मनचले युवक छात्राओं व महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं। ऐसे मनचलों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। सदस्यों ने बताया कि शहर की सडक़ों पर दौड़ती मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाजें निकालते हैं जिससे एक ओर ध्वनि प्रदूषण होता है वहीं अन्य वाहन चालकों का ज्ञान बंटता है जिससे दुर्घटना होने की आशंका रहती है। शहर के अपराधों को रोकने के लिए शहर में लगे हुए सभी सीसी कैमरों को चालू करवाया जाए। इसके अलावा शहर के मुख्य मार्गों पर लगे हुए फल सब्जी के ठेलों को व्यवस्थित करने, व्यावसायिक कटलों के बाहर लगने वाले वाहनों को व्यवस्थित करवाने, दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाने सहित कई सुझाव दिए। डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने सदस्यों को सभी सुझावों को अमल में लाने का आश्वासन दिया।

### कथा 25 से

**पावटा।** महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा में 25 फरवरी मंगलवार से श्रीमदभागवत कथा व मानस प्रवचन का आयोजन होगा। आयोजक भगवती देवी, विमल गर्ग, नवल गर्ग, केशव कमल गर्ग एवं बाबा भूतनाथ कमेटी जोहडा धाम संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा, कमेटी पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि महंत मंगलदास महाराज, जयराम दास महाराज, सेवा दास महाराज के कर कमलों द्वारा मंगल चंद पवन कुमार गर्ग कैलाश क्लॉथ स्टोर के पावन सान्निध्य एवं बाबा भूतनाथ मंदिर कमेटी पावटा के संयोजन व में 25 फरवरी मंगलवार से श्रीमदभागवत कथा व मानस प्रवचन का वाचन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक पंडिता अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी जालौन चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश द्वारा किया जाएगा। कथा प्रारंभ होने के पूर्व 25 फरवरी मंगलवार को पावटा कस्बा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला से महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी ।

## 'पात्र किसान को यूनिक आईडी नंबर जारी करें'

**कोटपूतली** । जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को पावटा तहसील की ग्राम पंचायत लाडा का बास एवं विराटनगर तहसील की ग्राम पंचायत किशनपुरा में आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने फॉर्मर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का अवलोकन किया एवं शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें बताया कि समस्त किसान आवश्यक रूप से फॉर्मर रजिस्ट्री करवायें। जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ निरंतर प्राप्त होता रहे। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर के माध्यम से मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करें, ई केवाईसी करावें, टीकाकरण सुनिश्चित करें एवं पशु विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत अधिकाधिक पशुपालकों के पशुधन का बीमा कर उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने को कहा। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को शिविर में आने वाले पात्र आगंतुकों के पेंशन सत्यापन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि जिस प्रकार आधार कार्ड व्यक्ति की पहचान का दस्तावेज है, उसी प्रकार फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्ड कृषकों के डेटाबेस का दस्तावेज है। कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं उपस्थित शिविर प्रभारी से नियमित शिविरों की मॉनिटरिंग करते हुये अधिकाधिक फॉर्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले शिविरों के बारे में विभिन्न माध्यमों से प्रभावी प्रचार प्रसार कर आमजन को जागरूक करें। इस दौरान उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार, उपखंड अधिकारी विराटनगर अमिता मान, तहसीलदार पावटा दिनेश एवं तहसीलदार विराटनगर लालाराम यादव सहित संबंधित अधिकारी, किसान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

यहाँ आयोजित होंगे शिविर - 05 फरवरी से प्रारम्भ हुये 03 दिवसीय शिविर 07 फरवरी तक कोटपूतली तहसील में ग्राम पंचायत देवता और बनार, बानसूर तहसील में ग्राम पंचायत मोठूका और बाबरिया, तहसील मांढ़ण में ग्राम पंचायत परतापुर, तहसील बहरोड़ में ग्राम पंचायत तसिंग और रिवाली, तहसील पावटा में खेलना और लाडा का बास और कोलाहेड़ा में आयोजित होंगे।

### हेल्थ इज वेल्थ दिवस आयोजित

**टोंक** । सैंट सोल्जर शिक्षा समिति के तत्वावधान में संचालित प्री-प्राइमरी विंग में आयोजित 'हेल्थ इज वेल्थ दिवस' सम्पन्न हुआ। संस्था की प्राचार्य डॉ. शिप्रा बारेगामा ने बताया की प्ले ग्रुप, नर्सरी, जुनियर व सीनियर सभी सैनिकों हेतु सिम्पल रेस, रेनडियर रेस, कप बाल बैलेंस रेस, बैग पैक रेस, प्रिंस रेस, रेबिट रेस, बेलून रेस, स्ट्रा बैलेंसिग रेस, जम्पिंग रेस, सिन्ड्रेला रेस आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी अध्ययनरत सैनिकों के अभिभावक गण भी उपस्थित रहें, अभिभावकों हेतु सिम्पल रेस, कपल रेस, हर्डल रेस आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। अध्ययनरत सैनिकों के साथ-साथ सभी अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सभी के द्वारा अत्यधिक जोश एवं उत्साह प्रदर्शित किया गया। संस्था निदेशक बाबूलाल शर्मा व प्रबंध निदेशक हितेश शर्मा द्वारा सभी अभिभावकों का आभार अभिव्यक्त किया गया ।

## अतिक्रमण हटने के बाद खुली हवा में सांस लेने लगेगा कस्बा



पावटा कस्बे शहर में प्रशासन की मुहिम के बाद अनाधिकृत रूप से हो रहे अतिक्रमणों को हटाया।

**पावटा** कस्बे शहर में प्रशासन की मुहिम के बाद अनाधिकृत रूप से हो रहे व सर्विस लाइन पर अतिक्रमण हटाने से आवाजाही होगी आसान, वाहन चालकों ने ली राहत की सांस

पावटा । कस्बे में प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाने अभियान के बाद बाजार की सड़कों और सर्विस रोड पर बडा बदलाव देखने को मिला है। अवैध कब्जे व पार्किंग हटने के बाद अब राहगीरों और वाहन चालकों को आवाजाही में काफी सुविधा होगी । इससे न केवल बाजार का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि यातायात व्यवस्था भी सुचारु होगा। जिला कोटपूतली बहरोड पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि इस अभियान के तहत एसडीएम पावटा कपिल उपाध्याय, पुलिस उपाधीक्षक विराटनगर शिप्रा राजावत, पावटा तहसीलदार दिनेश कुमार कटारिया, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ फतेह सिंह मीणा, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव द्वारा कस्बा पावटा में अनाधिकृत रूप से हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया व पावटा में नेशनल हाइवे के दोनों साइड सर्विस लाइन पर खड़े वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए चौपाइयां व दुपहिया वाहन चालकों के के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए वाहनों को जप्त कर चालान किया गया। भविष्य में भी इसी तरह लगातार अभियान चलाया जाकर सुगम एवं सुचारु यातायात हेतु नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विभिन्न अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें पुलिस और नगरपालिका के अधिकारी शामिल थे।

## आदेश के बाद भी नहीं हुई पालना

- समाचार पत्र की कटिंग पर टिप्पणी भिजवाने में पालिका की अनदेखी
- आज तक इस संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं भिजवाई गई

**सांभरझील,** (निसं)। राज्य की नगरीय निकायों में सम्पादित होने वाले कार्यों के संबंध में समय-समय पर समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बाद स्थानीय नगर पालिका द्वारा इस संबंध में अपनी टिप्पणी तत्काल प्रभाव से भिजवाने हेतु एक जनरल आदेश जारी किया गया था

लेकिन आज तक इस संबंध में कोई रिपोर्ट भिजवाई गई हो ऐसा कहीं भी परिलक्षित नहीं हो रहा है। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं संयुक्त सचिव हृदेश कुमार शर्मा ने इस संबंध में पत्र क्रमांक पीआर/डीएलबी /विविध 2021/1342-1554, दिनांक 15/06/22 को एक सर्कुलर जारी किया था।

विभाग की ओर से आदेश दिए गए थे कि समाचारों पर मुख्यमंत्री कार्यालय एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को तत्काल टिप्पणी भिजवाया जाना आवश्यक होता है।

इस विभाग की जनसम्पर्क शाखा द्वारा संबंधित निकाय से संबंधित समाचार पत्रों की कटिंग निकाय के आयुक्त/ अधिशाषी अधिकारी को उसी दिन ई-मेल एवं वाट्सऐप के माध्यम से भिजवाकर यह अपेक्षा की जाती है कि वे उस पर अपनी सारगर्भित टिप्पणी तत्काल उसी दिन ई-मेल के माध्यम से भिजवाये। किन्तु खेद है कि नगरीय निकायों के आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी को दूरभाष पर बार-बार निर्देश दिये जाने के बावजूद भी समाचार पत्र की कटिंग पर अपनी टिप्पणी तत्काल नहीं भिजवायी जाती है, जिसके कारण विभागीय टिप्पणी मुख्यमंत्री कार्यालय एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को भिजवाना संभव नहीं हो पाता है।

इससे न केवल विभाग की अपितु राज्य सरकार की भी छवि खराब होती है। इस स्थिति को मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा काफी गम्भीरता से लिया जा रहा है। नगरीय निकायों द्वारा समय पर वांछित सूचना नहीं भिजवाना निकाय के आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी की गम्भीर लापरवाही एवं राजकीय कार्यों के प्रति उदासीनता का द्योतक है।

## सार-समाचार

### प्रथम ट्रांसजेंडर खिलाड़ी बनी रितिका सिंह



रितिका सिंह ने नेशनल विंटर आईस स्टोक्स चेंपियनशिप में राजस्थान का नाम रोशन किया है।

**टोंक।** देश की प्रथम ट्रांसजेंडर खिलाड़ी होने का गौरव हांसिल करने वाली टोंक जिले के मालपुरा की रहने वाली रितिका सिंह ने गुलमर्ग में आयोजित नेशनल विंटर आईस स्टोक्स चेंपियनशिप में राजस्थान व ट्रांसजेंडर जमात का नाम रोशन किया है। जम्मू काश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित नेशनल विंटर आईस स्टोक्स चेंपियनशिप में 22 राज्यों की टीमे शामिल हुए, जिसमें राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली रितिका सिंह जो टोंक जिले के मालपुरा निवासी है तथा नंदिनी सिंह जयपुर जिले की रहने वाली है, दोनों ट्रांसजेंडर खिलाडी है। रितिका सिंह इससे पहले नेशनल समर आईस स्टॉक्स चेंपियन शिप में भी रजत व कांस्य पदक जीत चुकी हैं। राजस्थान की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम इवेंट में भी कांस्य पदक हांसिल करते हुए कुल 4 मेडल हांसिल किये हैं, इसी तरह जयपुर जिले की निवासी ट्रांसजेंडर नंदिनी सिंह ने भी इस प्रतियोगिता में सिल्वर व कांस्य पदक हांसिल किये हैं। नंदिनी सिंह को यह दोनों पदक टीम एवेंट में मिले हैं, यह पहला मौका था जब इस प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम में दो ट्रांसजेंडरों को एक साथ शामिल किया गया था।

### कैंसर जागरूकता के लिए शिविर आयोजित

**टोंक।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जन जागरूकता एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन एनओएचपी कार्यक्रम के तहत राजकीय दंत चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जिला चिकित्सालय टोंक में किया गया। कैंप में वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ हेमन्त कुमार, डॉ नीरज अरोडा एवं डॉ पकंज सिंहल ने जांच की व डेन्टल हाइजिनिस्ट हरिनारायण यादव ने अपनी सेवाये दी। सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि मुख कैंसर के मरीजों की जांच की गई, इसके साथ ही कैंसर के जोखिम, कारण एवं कॉमन कैंसर की अर्ली स्क्रीनिंग के लाभ के बारें में नागरिकों को जागरूक किया गया। मुंह का कैंसर, जिसे ओरल कैंसर के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रकार का कैंसर है, जो मुंह के किसी भी हिस्से में विकसित होता है। भारत में लगभग 38 लाख लोग कैंसर से पीड़ित है, जिसमें प्रत्येक वर्ष 16 लाख नए मरीज जुड़ रहे है। करीब 8 लाख मरीजों की मृत्यु कैंसर रोग के कारण हो रही है।

### कनिष्ठ अभियंता ने एक रुपया लेकर रचाया ब्याह

**सांभरझील** (निसं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर पदस्थापित ग्राम ईरोलाव (सांभर) निवासी गोपाल लाल मारोठिया पूर्व पार्षद के पुत्र हेमंत ने 1 रुपया और नारियल लेकर ब्याह रचाया तथा समाज में व्याप्त दहेज की परंपरा को पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने का भी आव्हान किया। परिवार के सदस्य अशोक कुमावत ने बताया कि हेमंत का विवाह नावा सिटी मुख्यालय टंकी की ढाणी निवासी पूनम पुत्री मनमोहन झनझनोदिया के साथ हिंदू रिति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। हेमंत के विवाह में राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने भी शिरकत की तथा वर वधु को आशीर्वाद दिया। विवाह की रस्म के दौरान समाज अध्यक्ष सीताराम नागा, तुलसीराम राजस्थानी, सरपंच राजेंद्र प्रसाद, राधेश्याम मारोठिया, अशोक कुमार मारोठिया, नाथूराम दम्बीवाल, हुक्मीचंद, दुलीचंद, शंकर लाल, हनुमान झनझनोदिया, चंद्रमोहन व अनेक समाज की प्रतिष्ठित लोगों की मौजूदगी रही

### श्री श्याम महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**निवाई।** करने वाले श्याम कराने वाले श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में तृतीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। समिति के रवि अठावाल ने बताया कि महोत्सव में शामिल होने के लिए साधु-संतों सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को कंकाली माता मंदिर से श्रीश्याम मन्दिर तक विशाल निशान यात्रा एवं नगर भ्रमण का आयोजन होगा। 9 फरवरी को श्याम मन्दिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसको लेकर श्याम बाबा की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। उन्होंने बताया कि भजन संध्या में कलकत्ता से सुभम-रूपम, दौसा से अजय शर्मा, दिल्ली से शिवम म्यूजिकल ठ्रुप व राजू खंडेलवाल सहित कई गायक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

### महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज

**निवाई।** सदर पुलिस थाने में एक महिला की गुमशुदगी की रिर्पोट दर्ज हुई है। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि अशोककुमार सैनी निवासी गुंसी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी मां नोरती देवी पत्नी नाथूलाल सैनी बुधवार की दोपहर 2 बजे बिना बताए घर से निकल गई। शाम तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी तलाश की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। इस पर प्रार्थी ने गुरूवार को गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**निवाई।** पीएम श्री राजकीय उच्च विद्यालय राहोली में डॉ केएन मोदी यूनिवर्सिटी निवाई के विधि संकाय के छात्र छात्राओं ने कुलपति सुनील कुमार के सानिध्य व मुख्य अतिथि एसीबीइओ रमेश विजय एवं प्रधानाचार्य विनोद तिवारी की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक के प्रभावशाली माध्यम से विधिक सामाजिक कुरीतियों पर प्रस्तुतियां दी। विश्वविद्यालय के तनुज सेंगर ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्र छात्राओं ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शिल्प कार्यशाला में निर्मित विभिन्न रचनाओं का भी भव्य प्रस्तुतिकरण किया। इस अवसर पर विधि संकाय से डॉ संतोष शर्मा, शिक्षा संकाय से डॉ मीनू गंगल, सहायक प्रवक्तागण भरत शर्मा, अभिषेक नारायण, दिनेश बैरवा, सुरभि दुबेला, अस्मिता भारद्वाज, डॉ शिखा सर्व, डॉ पूनम केशवानी, रमेशचंद मीना, दुर्गालाल मीना, मार्केटिंग से भागचन्द, राहोली के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार नरुका, उप प्रधानाचार्य मुकेशकुमार मीना सहित समस्त स्टाफ मौजूद थे। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने मोदी यूनिवर्सिटी द्वारा दी गई प्रस्तुति की प्रशंसा की ।

## दो दिन में 659 किसानों की बनी आईडी

- अलवर की करीब एक दर्जन ग्राम पंचायतों पर लगे शिविर को आज तीसरा दिन शेष रहे किसान आज भी बनवा सकेंगे आईडी।

**अलवर।** एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे किसान रजिस्ट्री शिविर के दूसरे दिन जिले की विभिन्न ठाम पंचायतों में शिविर आयोजित हुए जिसमें 659 किसानों की आईडी बनाई गई तथा केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित कराया गया। शिविर में 2053 किसान केवाईसी एवं 659 किसान भूमि सत्यापन भी किए गए।

जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर तहसील की ठाम पंचायत गुजूकी, कठूमर तहसील की ग्राम पंचायत ईसरोता, गोविन्दगढ तहसील की ग्राम पंचायत न्याणा, मालाखेडा तहसील की ठाम पंचायत महुआखुर्द, लक्ष्मणगढ तहसील की ग्राम पंचायत शीतल, नौगांवा तहसील की ग्राम पंचायत हाजीपुर, प्रतापगढ तहसील की ठाम पंचायत भूरियावास, रामगढ तहसील की ठाम पंचायत साहडोली, राजगढ तहसील की ग्राम पंचायत ढिगावडा, रैणी की ग्राम पंचायत टहटडा, टहला तहसील की ग्राम पंचायत श्रीचंदपुरा एवं थानागाजी तहसील की ठाम पंचायत दहार चौगान में लगातार दूसरे दिन फार्मर रजिस्ट्री शिवरों का आयोजन हुआ।

उन्होंने बताया कि किसान रजिस्ट्री के दूसरे दिन आज जिले की तहसील क्षेत्रों में 659 किसानों की आईडी बनी। इसी प्रकार 530 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 94 सूर्यघर बिजली, 188 लोगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भौतिक सत्यापन, 162 मृदा कार्ड वितरित किए गए, 287 बीमा कार्ड वितरण, 1055 मंगला पशु बीमा व 85 किसान कार्ड वितरण, 464 नरेगा फार्म भराए गए, 42 जन्म-मृत्य प्रमाण पत्र बनाए गए

### मां भद्रकाली आश्रम पर पहुँचे देशभर से संत

**निवाई।** गांव कांटोली मे स्थित मां भद्रकाली आश्रम पर गुप्त नवरात्रा कि अष्टमी पर सैकडों संत पहुँचे इस दौरान संत समागम व हरि संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। माँ भद्रकाली मंदिर काँटोली में कई श्रद्धालु मां भद्रकाली के दर्शन करने पहुंचे। आश्रम पर संत श्रीराम महाराज के सानिध्य में दिनभर हरि संकीर्तन का आयोजन हुआ। संतों द्वारा दिव्य ज्ञान प्रवचन दिए गए। श्रद्धालु अशोककुमार व महेन्द्र मीणा ने बताया कि गुप्त नवरात्रा कि अष्टमी पर संत श्रीराम महाराज के सानिध्य में करीब 101 लोगों ने जीवन में कभी नशा नहीं करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि माँ भद्रकाली मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी को नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार पवित्री धारण करवाकर सभी संतों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि नाथ संप्रदाय में जिस भी संत को 24 गायत्रीयों का ज्ञान हो जाता है उसी को पवित्री धारण करवाया जाता है। नाथ संप्रदाय के अनंत तपस्वी संत हनुमाननाथ योगी ने बताया कि संत श्रीराम महाराज अघोरी को नाथ संप्रदाय की 24 गायत्रीयों का ज्ञान प्राप्त है।

# टीकाकारण के सुदृढ़ीकरण को लेकर बैठक का आयोजन

- अधिकारियों ने किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



टीकाकारण के सुदृढ़ीकरण को लेकर कोटपूतली-बहरोड़ आरसीएचओ डॉ. अरविन्द अग्रवाल की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया

**कोटपूतली** । कोटपूतली-बहरोड़ आरसीएचओ डॉ. अरविन्द अग्रवाल, डब्लूएचओ एसएमओ डॉ. सुशील गौत्तम, डब्लूएचओ एक्सटरनल मॉनिटर प्रदीप कुमार स्वामी, बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर व बीपीएम विजय तिवाड़ी ने ग्राम सुन्दरपुरा, हांसियावास एवं शहरी क्षेत्र कोटपूतली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात् खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में एम.आर.को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान हैण्ड काउण्ट सर्वे, आरसीएच रजिस्टर पूर्ण नहीं पाये जाने, पीसीटीएस एवं यूवीन पर सैशन क्रिएट नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। एएनएम एवं आशाओं को हैण्ड काउण्ट सर्वे, आरसीएच रजिस्टर पूर्ण करने, माईक्रोप्लान को सीसीपी पॉइन्ट पर चस्पा करने, एएनसी, शिशु के टीकाकरण करते ही यूवीन पोर्टल एवं पीसीटीएस पोर्टल पर इन्द्राज करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। जनसंख्या के अनुसार ही सैशन साईट निर्धारित की जावे, यदि किसी साईट पर टीकाकरण अधिक है तो उच्च अधिकारियों से स्वीकृति लेकर सैशन साईट में वृद्धि की जा सकती है। टीकाकरण सत्र प्रातरू 09 बजे चालु हो जाना चाहिये एवं सभी के पास ड्यू लिस्ट होना अति आवश्यक है। अगले टीकाकरण सत्र पर किन बच्चों का टीकाकरण होना है उसकी ड्यू लिस्ट उसी दिन तैयार करें। टीकाकर्मी निर्धारित गणवेश में मय आई.डी. के साथ उपस्थित रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बसई द्वारा सैशन साईट नहीं लगाने पर नोटिस जारी करने के आदेश दिये गये।